कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-14.04.2025

विषय:- चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गणेश को थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी गयी 01 अदद बैट्री व घटना मे प्रयुक्त वाहन 01 अदद ऑटो बरामद ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-171/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नेरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त गणेश पुत्र भोला चौधरी निवासी ग्राम सलारपुर सतरंगी थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी को आज दिनांक-14.04.2025 को समय करीब 11.15 बजे सारनाथ रेलवे स्टेशन से पहले रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते थाना सारनाथ वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की 01 अदद बैट्री व घटना में प्रयुक्त वाहन 01 अदद ऑटो को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 13.04.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक 11.04.2025 को खुद के दरवाजे पर खड़ी छोटी हाथी रजि0 नं0-UP65KT**** की बैट्री किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑटो से आकर चोरी कर लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-171/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 संदीप शर्मा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त गणेश ने पूछताछ करने पर बताया कि यह ऑटो मैं किराये पर ले कर चला रहा हूँ, इसका मालिक कोई और है। गाड़ी में रखी बैट्री वही है जो कुछ दिन पहले भोर के समय मैंने अपने नशे के शौक को पूरा करने के लिए सारनाथ टेंट हाउस आशापुर के सामने से चोरी कर लिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गणेश पुत्र भोला चौधरी निवासी ग्राम सलारपुर सतरंगी थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद चोरी की बैट्री एक्साइड कंपनी रंग काला व सफेद व घटना में प्रयुक्त वाहन 01 अदद आटो रजि0 नं0-UP65NT1197 बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- सारनाथ रेलवे स्टेशन से पहले रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते थाना सारनाथ वाराणसी से, दिनांक-14.04.2025 को समय करीब 11.15 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 171/25 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- थानाध्यक्ष विवेक कुमार त्रिपाठी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0प्र0 संदीप शर्मा थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

3- हे0का0 पंकज सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

4- हे0का0 विनोद कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।